कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/पी0जी0/2021/ 283 दिनांकः 12/7/ , 2021

नोटिस

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः एम0ई0–3/2021/1491 दिनांक 10 जुलाई, 2021 के क्रम में शासनादेश संख्याः 950/71–2–82/2017, दिनांक 07 मार्च, 2018 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत नीट पी0जी0–2018 (डिग्री) एवं नीट पी0जी0–2019 (डिप्लोमा) में प्रवेशित अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बॉण्ड एवं महामारी अधिनियम–1987 के अन्तर्गत कोविड–19 के उपचार एवं प्रबन्धन हेतु सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर उक्त शासनादेश एवं अनिवार्य शासकीय बॉण्ड की शर्तों के आधार पर सेवायोजित किया जाना है। महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के उक्त पत्र में दिये निर्देशों के क्रम में इस मेडिकल कालेज में नीट पी0जी0–2018 (डिग्री) एवं नीट पी0जी0–2019 (डिप्लोमा) में प्रवेशित अभ्यर्थियों (पी0एम0एच0एस0 सेवा का वेटेज प्राप्त कर प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को छोडकर) को उनसे मेरिट के आधार पर विकल्प प्राप्त करते हुये काउंसिलिंग के माध्यम से सर्वप्रथम इस मेडिकल कालेज में सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर सेवायोजित किया जाना है एवं इस मेडिकल कालेज में सेवायोजित होने से अवशेष उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची महानिदेशालय को प्रेषित की जानी है।

अतः इस मेडिकल कालेज में नीट पी0जी0–2018 (डिग्री) एवं नीट पी0जी0–2019 (डिप्लोमा) में प्रवेशित अभ्यर्थियों (पी0एम0एच0एस0 सेवा का वेटेज प्राप्त कर प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को छोडकर) को सूचित किया जाता है कि वह **दिनांक 14.07.2021 को प्रातः 10.00 बजे इस मेडिकल कालेज के शैक्षणिक ब्लॉक में स्थित एल0टी0–3 में उपस्थित होना सुनिश्चित करें,** ताकि उनको उनके विकल्प एवं सीनियर रेजीडेन्ट के उपलब्ध पदों के दृष्टिगत उनको इस मेडिकल कालेज में सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर चयनित किया जा सके एवं शेष अभ्यर्थियों की सूची समयान्तर्गत महानिदेशालय को प्रेषित की जा सके। एम0डी0/एम0एस0 एवं डिप्लोमा का परीक्षाफल घोषित न होने के कारण सीनियर रेजीडेन्ट हेतु अभ्यर्थियों का चयन पूर्व की भॉति उनके पी0जी0एम0ई0ई0 की मेरिट/रैंक के आधार पर किया जायेगा।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना से अपने विभाग के अभ्यर्थियों को अवगत कराने का कष्ट करें।
3. नोटिस बोर्ड– कालेज एवं केन्द्रीय पुस्तकालय, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
4. वार्डन, पी0जी0 छात्रावास/महिला पी0जी0 छात्रावास, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
5. प्रभारी अधिकारी, बेबसाइट, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।